जेल से छूटते ही फिर खोल दी नकली और नशीली दवा की फैक्ट्री, छापेमारी में सरगना समेत 10 गिरफ्तार

आगराः एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और पुलिस ने सिकंदरा थाना के शास्त्रीपुरम क्षेत्र में नकली और नशीली दवाओं की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. यहां पर प्रतिबंधित नशीली दवाएं बनाई जा रही थीं. फैक्ट्री से दस लोग दबोचे गए हैं. जिनमें सरगना विजय गोयल भी शामिल है. विजय जेल से छूटने के बाद दोबारा से अवैध और नकली नशीली दवाएं बनाने के लिए किराए पर फैक्ट्री खोली थी. मौके से पुलिस और एएनटीएफ ने करीब आठ करोड़ रुपये की दवाएं और मशीनरी जब्त की है. विजय गोयल से पूछताछ के बाद इस पूरे नेटवर्क के बारे में छानबीन की जा रही है.

नशीली और नकली दवा की फैक्ट्री में छापा

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि सिकंदरा थाना पुलिस और एएनटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करके शास्त्रीपुरम क्षेत्र में अवैध दवा की फैक्ट्री पकड़ी है. यहां पर नकली और नशीली दवाएं बनाई जाती थीं. इनमें कई प्रतिबंधित दवाएं थीं. जहां पर भारी में नशीली और नकली दवाओं का जखीरा मिला है. कूटरचित तरीके से रैपर लगाकर दवाएं बनाई

जा रही थीं. एएनटीएफ और पुलिस की टीमें कार्रवाई में लगी हैं. नकली और नशीली दवाओं के नेटवर्क का खुलासा हो सकता है.

मुख्य सरगना समेत दस दबोचे गए

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि फैक्ट्री में छापामार कार्रवाई में मौके से दस लोग दबोचे गए हैं. जिसमें कुख्यात विजय गोयल भी शामिल है. जो पहले सिकंदरा और जगदीशपुरा थाना के बिचपुरी में ऐसी ही अवैध फैक्ट्री का संचालन करने पर जेल गया था. बाकी उसके नौ साथी हैं. मौके से करीब आठ करोड़ रुपये का माल बरामद हुआ है. छापेमारी में नार्कोटिक्स, एंटीबायोटिक और अन्य दवाएं बरामद हुई हैं. आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस, कॉस्मेटिक एंड डग्स एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है. पूछताछ में आरोपियों से कच्चा माल, ट्रांसपोर्ट के साथ ही यहां से बनी दवाएं कहां पर खपाते थे, इसके बारे में पता किया है.

सैंपल जांच के लिए भेजेः सहायक आयुक्त औषिध ने बताया कि फैक्ट्री में बिना लाइसेंस के संचालित थी. यहां पर नींद, नशीली, पैरासीटामोल और अन्य दवाएं बनाईं जा रही थीं. पूरा सेटअप अवैध है. यहां से सैंपल जांच के लिए गए हैं. जांच के बाद ही पता चलेगा कि फैक्ट्री में कच्चा माल क्या है. आरोपी विजय गोयल पहले जेल जा चुका है. जेल से बाहर आने पर उसने ये काम शुरू किया है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/police-and-antf-raided-fake-medicines-factory-in-agra-uttar-pradesh-news-ups24102206619